निबंधन संख्या पी0टी0-40

# बिहार गजट
## असाधारण अंक
## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

22 आषाढ़ 1944 (श0)
(सं0 पटना 500) पटना, बुधवार, 13 जुलाई 2022

सामान्य प्रशासन विभाग

**आदेश**
**12 जुलाई 2022**

सं० 3/एम0–54/2015/सा0प्र0/11651——राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में सेवानिवृत्त एवं भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों की सेवायें संविदा के आधार पर लिए जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग का संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 निर्गत है। उक्त संकल्प के साथ संलग्न अनुसूची में सम्मिलित पदों पर ही, संकल्प के प्रावधानों के तहत सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का संविदा के आधार पर नियोजन किया जा सकता है।

2. संकल्प की कंडिका–3(1) के प्रावधान के तहत विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में सम्यक विचारोपरांत निम्नांकित पदों को उपर्युक्त संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.15 की अनुसूची में इस शर्त्त के साथ सम्मिलित किया जाता है कि **इन पदों पर सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का संविदा नियोजन मात्र एक वर्ष के लिए ही किया जायेगा–**

| क्र0सं0 | विभाग का नाम | विभागीय संकल्प संख्या–10000 दिनांक–10.07.15 अनुसूची में सम्मिलित किये जाने वाले पद। |
|---|---|---|
| 1. | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के नियंत्रणाधीन भू–अभिलेख एवं परिमाप लिपिकीय संवर्ग के–<br>(i) निम्नवर्गीय लिपिक एवं<br>(ii) उच्चवर्गीय लिपिक। |
| 2. | स्वास्थ्य विभाग | क्षेत्रीय कार्यालयों के–<br>(i) लिपिक |
| 3. | कृषि विभाग | (i) सांख्यिकी सहायक |
| 4. | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | क्षेत्रीय कार्यालयों के–<br>(i) उच्चवर्गीय लिपिक |

3. उपरोक्त पद पर सेवानिवृत्त सरकारी सेवक के संविदा नियोजन हेतु संकल्प ज्ञापांक– 10000 दिनांक– 10.07.2015 में निहित शर्त्त एवं प्रक्रिया लागू रहेंगी एवं इस पद पर सेवा लेने के संबंध में प्रशासी विभाग द्वारा ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आदेश से,
गुफरान अहमद,
सरकार के उप–सचिव।

---

**अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,**
**बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।**
**बिहार गजट (असाधारण) 500-571+10-डी0टी0पी0**
**Website: http://egazette.bih.nic.in**